(ग) क्या दोषी आवंटितों के विरुद्ध कोई कार्रवाई की गई है ;

(घ) यदि हां, तो उनके विरुद्ध अब तक की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है ; और

(ङ०) यदि नहीं, तो सरकार का उनके विरुद्ध कब तक कार्रवाई करने का विचार है ?

**शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. अरुणाचलम)** : (क) और (ख) इस प्रकार की केवल एक शिकायत प्राप्त हुई है ।

(ग) से (ङ) उक्त शिकायत क्वार्टर संख्या 630, लक्ष्मीबाई नगर (टाइप IV) के आवंटिती श्री ए० एम० तिवारी के विरुद्ध क्वार्टर संख्या 632, लक्ष्मीबाई नगर के आवंटिती श्री एस०के० गर्ग से प्राप्त हुई है जिसमें यह आरोप लगाया गया है कि टेरेस की ओर जाने वाली सामूहिक सीढ़ियों में नौकर को रखा गया था । तदनुसार, श्री तिवारी का आवंटन, जो कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में उनके स्थानांतरण पर रद्द किया गया था, पूर्वोत्तर क्षेत्र से उनके स्थानांतरित होकर दिल्ली में पुनः तैनात होने पर अभी तक नियमित नहीं किया गया है । श्री तिवारी द्वारा राज्य सभा पूल क्वार्टर संख्या 632, लक्ष्मीबाई नगर के आवंटिती श्री एस० के० गर्ग के विरुद्ध लगाया गया प्रत्यारोप राज्य सभा सचिवालय में उनके विरुद्ध तत्काल कार्यवाई करने के लिये पहले ही भेज दिया गया है ।

## उत्तर प्रदेश में सिंचाई

1545. **श्री ईशदत्त यादव** : क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर देश सिंचाई के मामले मे आत्मनिर्भर नहीं है ; और

(ख) सरकार ने इसे सिंचाई के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए क्या कदम उठाए हैं ?

**जल संसाधन मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल)** : (क) और (ख) राज्य की चरम सिंचाई क्षमता 2.57 करोड़ हैक्टेा है, जिसमें से सातवीं योजना के अन्त तक 2.39 करोड़ हैक्टेयर सृजित की गयी, जो राष्ट्रीय औसत के 70.5% की तुलना में लगभग 93% है । सिंचाई सुविधाओं को और बढ़ाने के लिए राज्य में अनेक सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण किया जा रहा है ।

## सुवर्ण रेखा सिंचाई परियोजना

1546. **श्री ईशदत्त यादव** : क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सुवर्ण रेखा सिंचाई परियोजना के अन्तर्गत पहले से ही अधिगृहीत की गई भूमि का क्षेत्रफल कितना है और उससे प्रभावित हुए परिवारों की संख्या कितनी है ;

(ख) विस्थापित हुए परिवारों से संबंधित उन लोगों की संख्या कितनी है, जिन्हें मुआवजा दिया गया और रोजगार उपलब्ध कराया गया, और

(ग) कितने व्यक्तियों को मुआवजा तथा रोजगार दिए जाने का विचार है ?

**जल संसाधन मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल)** : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभापटल पर रख दी जायेगी ।

## Technical help from Israel to link rivers in South India

1547. SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY : Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government of Israel have agreed to provide technical help and provide experts to India for linking the rivers in South India;